डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकःसीओई–605/ CoE-24Vol-IV / MBBS Suppl&Reg.-Exam- Feb-March,2024/DSMNRU/2023–24 दिनांक 13.02.2024

ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन हेतु सूचना

{MBBS 2nd Proff.-Batch-2020-21 MBBS 3rd Proff.Part I-Batch-2019-20 & 2020-21, MBBS 3rd Proff.Part II-Batch-2018-19 & 2019-20 - Supplementary & Regular Examination- Feb-March,2024}

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध टी0एस0मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, लखनऊ के प्राचार्य द्वारा प्रेषित ई–पत्र संख्या–TSMMC&H/Stu/2023 दिनांक 17.01.2024 के क्रम में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के MBBS 2nd Proff.-Batch-2020-21 MBBS 3rd Proff.Part I-Batch-2019-20 & 2020-21, MBBS 3rd Proff.Part II-Batch-2018-19 & 2019-20-Supplementary & Regular Examination-Feb,2024 की परीक्षा–आयोजन की प्रक्रियान्तर्गत, संबंधित अर्ह/पात्र विद्यार्थीगण निम्नलिखित व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय स्तर पर समयबद्ध MBBS 2nd Proff.-Batch-2020-21 MBBS 3rd Proff.Part I-Batch-2019-20 & 2020-21, MBBS 3rd Proff.Part II-Batch-2018-19 & 2019-20-Supplementary & Regular Examination- Feb-March,2024 हेतु ऑन लाइन परीक्षा–आवेदन भरना सुनिश्चित करें।

1). उपर्युक्तानुसार अर्ह/पात्र विद्यार्थियों से अपेक्षित है कि वे **दिनांक 14.02.2024 से दिनांक 19.02.2024** तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित ERP पोर्टल के अन्तर्गत Examination Portal के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये संबंधित पाठ्यक्रम की परीक्षा हेतु आवेदन प्रपत्र को ऑन–लाइन भरना सुनिश्चित करेंगे।

2). आवेदन करने वाले विद्यार्थी, नियमित परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क रू0 14500/–मात्र तथा पूरक परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क रू0 3500/–मात्र प्रति विषय (जो जिस पर लागू हो) के सहित शुल्क–धनराशि को **बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Fee Account) के नाम से संचालित खाता संख्या 36510100000003 (IFSC-BARB0MOHAAN) में** RTGS/NEFT/Payment Gateway आदि के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे। ऑन लाइन आवेदन एवं निर्धारित व्यवस्थानुसार परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अभ्यर्थी/संस्थान की होगी।

3). ऑन लाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियाँ सावधानीपूर्वक स्वयं भरें, क्योंकि आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन/परिमार्जन का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा और **न ही किसी भी दशा में शुल्क वापसी की जायेगी।** अपूर्ण आवेदन किसी भी दशा में मान्य नहीं होगा, जिसके लिये आवेदक/संबंधित संस्थान/कॉलेज स्वयं उत्तरदायी होंगे। विद्यार्थीगण, ऑन–लाइन भरे हुए परीक्षा–आवेदन एवं जमा किये शुल्क की रसीद सहित मूल प्रति समस्त संलग्नकों सहित अपने संबंधित संस्थान में जमा करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें तथा उसकी छायाप्रति अपने पास रिकार्ड हेतु अवश्य सुरक्षित रखेंगे।

4). ऑन–लाइन सबमिशन की समस्या हेतु **हेल्पलाइन नं0**–9667277184 तथा Email-dsmnru.help@gmail.com पर सम्पर्क करेंगे।

उपरोक्तानुसार यदि किसी भी स्तर पर परीक्षा आवेदन में दी गई सूचना/विवरण असत्य, भ्रामक, अपूर्ण, अपठनीय/अस्पष्ट पाई जाती है अथवा परिलक्षित होती है तो विश्वविद्यालय को परीक्षा आवेदन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा उसे उक्त परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम से वंचित रखा जायेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित आवेदक की होगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति, माननीय कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. सिस्टम एनॉलिस्ट, विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
4. प्राचार्य, टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ को इस आशय से कि उपरोक्त परीक्षा के ऑन लाइन आवेदन हेतु अर्ह/पात्रता–सूची तत्काल प्रेषित करते हुए अपने स्तर से नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही/अनुपालन सुनिश्चित करें तथा ऑनलाइन आवेदन की हार्ड–कॉपी समस्त संलग्नक सहित अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय में सुरक्षित रखें तथा उससे संबंधित सूचीबद्ध सम्पूर्ण विवरण शुल्क से संबंधित अभिलेख के सहित परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व ससमय अनिवार्य रूप से परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को जमा करना सुनिश्चित करेंगे।
5. शाखा प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, मोहान रोड, विश्वविद्यालय, परिसर, लखनऊ।
6. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एजेन्सी के प्रतिनिधि।
7. गार्ड फाइल।

13/2/24

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक